प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 26.04.2024 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- अवैध चरस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना पाकबड़ा :-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार मादक पदर्थो के निर्माण/तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 26.04.2024 को उ0नि0 श्री कुलदीप सिंह तोमर थाना पाकबड़ा द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त मौ0 जुनैद पुत्र दिलावर हुसैन निवासी जुम्मेरात का बाजार कस्बा व थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद को 90 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में अभियुक्त मौ0 जुनैद उपरोक्त के विरुद्ध थाना पाकबड़ा पर मु0अ0सं0-129/2024 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट, पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

2- अवैध चरस के साथ 01 आरोपी व अवैध तमंचा-कारतूस के साथ 02 आरोपी गिरफ्तार थाना मझोला :-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार मादक पदर्थो व अवैध शस्त्रो के निर्माण/तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 25.04.2024 को उ0नि0 कमल किशोर थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त पप्पू उर्फ भोला सैनी पुत्र मदन सैनी निवासी सरिये वाली गली निकट मण्डी गेट थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को अवैध 120 ग्राम चरस के साथ, व उ0नि0 विनय कुमार थाना मझोला द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त रोहित भारद्वाज पुत्र सुरेद्र सिंह निवासी चाऊ की बस्ती थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 315 बोर के साथ तथा दिनांक 26.04.2024 को उ0नि0 कमल किशोर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त सोनू पुत्र सुरेश निवासी मण्डी गेट थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना मझोला पर अभियुक्त पप्पू उर्फ भोला सैनी उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-358/2024 धारा- 8/20 एनडीपीएस एक्ट, व अभियुक्त रोहित भारद्वाज उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 359/2024 धारा 3/25 आर्मस एक्ट तथा अभियुक्त सोनू उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0-361/2024 धारा- 3/25 आर्मस एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

3- लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने व छेडछाड, दुष्कर्म करने के 02 आरोपी गिरफ्तार थाना भोजपुरः-

अवगत कराना है कि दिनांक 22.04.2024 को वादी निवासी थाना भोजपुर क्षेत्रान्तर्गत ने आरोपीगण द्वारा वादी की की पुत्री को बहला फुसला कर भगा ले जाने के संबंध में थाना भोजपुर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना भोजपुर पर मु0अ0सं0- 171/2024 धारा 366 भा0द0वि0 बनाम अंकुश आदि के विरुद्ध पंजीकृत किया गया। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 26.04.2024 को उ0नि0 अमित कुमार थाना भोजपुर द्वारा मय हमराही पुलिस बल के आरोपीगण 1.अंकुश पुत्र अशोक निवासी ग्राम गौहरपुर सुल्तानपुर थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद, 2. अरूण पुत्र वीरपाल निवासी ग्राम गुमसानी थाना असमौली जनपद सम्भल को गिरफ्तार किया गया। साक्ष्यो के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा-376/344/354/506 भा0द0वि0 की वृद्धि की गयी। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

4- अवैध तमंचा व कारतूस के साथ 01 आरोपी गिरफ्तार थाना सिविल लाईन्सः-

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अवैध शस्त्रो के निर्माण/तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने एवं संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 26.04.2024 को उ0नि0 मेघराज सिंह थाना सिविल लाईन्स द्वारा मय हमराही पुलिस बल के अभियुक्त मोनू पुत्र राजेन्द्र सिहं निवासी कस्बा अगवानपुर, थाना सिविल लाईन्स जनपद मुरादाबाद को अवैध एक तमंचा व 01 कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना सिविल लाईन्स पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0- 374/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया। अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।